# रोजगार से जोड़ने वाले कोर्स तैयार करें : सीएम

## समीक्षा बैठक : ग्लोबल स्किल पार्क यूनिवर्सिटी के रूप में होगा विकसित

**भोपाल, 10 अप्रैल. युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए अब नए कोर्स तैयार किए जाएंगे. भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क को यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक की.**



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण तभी सार्थक है, जब उससे युवाओं को तुरंत रोजगार मिल सके. मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर चल रही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन देश में बेहतर है. उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ने और प्रशिक्षण के दायरे को बढ़ाने पर जोर दिया.

समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जोड़ा गया है. 'युवा संगम' कार्यक्रम के तहत लाखों आवेदकों को लाभ मिला है, वहीं एक लाख से अधिक युवाओं ने स्वरोजगार शुरू किया है. भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में भी इस वर्ष हजारों युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है. प्रदेश में वर्तमान में 290 शासकीय और 644 निजी आईटीआई संचालित हैं.

### आईटीआई ग्रेडिंग में मप्र 5 वें स्थान पर

समीक्षा बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर जारी आईटीआई ग्रेडिंग में मध्यप्रदेश पांचवें स्थान पर रहा है. प्रदेश की 47 शासकीय आईटीआई को 10 में से 9 प्लस ग्रेडिंग मिली है, जो बेहतर गुणवत्ता का संकेत है. साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में सबसे अधिक नामांकन भी मध्यप्रदेश में दर्ज किया गया है. मुख्यमंत्री ने 'सीखो-कमाओ योजना' के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान उपलब्धि को दोगुना करने की दिशा में काम किया जाए. इसके साथ ही डेयरी, कृषि और अन्य क्षेत्रों से युवाओं को जोड़कर रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर भी जोर दिया गया.

# काम समय अवधि में पूरा करें : सबनानी

▸ विधायक ने किया दो स्थानों पर भूमिपूजन

**भोपाल, 10 अप्रैल. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने शुक्रवार को क्षेत्र के महाराणा प्रताप भवन के समीप पेविंग ब्लॉक एवं चारभुजा मंदिर शिवाजी नगर के समीप सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया.**



उन्होंने मंदिर में भगवान के दर्शन कर भूमिपूजन किया. समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में ईश्वर की बड़ी कृपा है हमारे यहां की हरियाली से क्षेत्र में बड़ा सुंदर वातावरण बनता है, हमें इस वातावरण को बनाए रखना है और इस हरियाली की रक्षा करने की जवाबदारी भी हम सभी लोगों की है. क्षेत्र में निरंतर तीव्र गति से विकास के कार्य हो रहे हैं. हर कार्य को अपनी समय अवधि में पूरा करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं. राजपूत समाज के बंधुओं ने मुझसे एक निवेदन किया था,जिसको मैं आज पूरा कर रहा हूं. पेविंग ब्लॉक लगने से राहगीरों को सुविधा मिलेगी, साथ ही सुंदरता में भी निखार आएगा. उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के निवासियों की हर छोटी बड़ी समस्या का निवारण हो और उनकी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर हमारी विधानसभा क्षेत्र की एक अलग पहचान बनाएं.

## एक नजर में

### अमरनाथ यात्रा : डॉक्टर्स की बढ़ाई जाए संख्या

**भोपाल, 10 अप्रैल.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल ने अमरनाथ यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भोपाल में डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाने की मांग अमरनाथ श्राइन बोर्ड से की है. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों का स्वास्थ्य परीक्षण 9 अप्रैल से आरंभ हो चुका है, इसके लिए अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मात्र 4 डॉक्टर्स ही अधिकृत किए गए हैं , जो कि भोपाल शहर एवं इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से कम है. भोपाल एवं ग्रामीण क्षेत्र से प्रति वर्ष लगभग दस हजार से ज्यादा श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाते हैं. मंडल ने अमरनाथ श्राइन बोर्ड से यात्रा की तारीख शीघ्र घोषित करने, डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाने एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रतिदिन एक निश्चित समय तय करने की मांग की है, जिससे मेडिकल कराने वाले श्रद्धालु समय पर उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकें, इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो. उक्त मांग करने वालों में सचिव रिंकू भटेजा, राजकुमार शर्मा, दिव्या बोहरा, मंजू गौतम, गायत्री अवस्थी, रिंकी गुप्ता, सुनीता, योगेश श्रीवास्तव, गुड्डू अग्रवाल, प्रदीप सोनी, मनोज पांडे, राजकुमार रघुवंशी, स्वदेश सोनी, मुकेश रैकवार, बृजेश पाठक, प्रकाश पाटिल, अरुण तिवारी, मनीष पवासे ,कपिल ग्वाला, सचिन आर्य आदि मंडल सदस्य शामिल हैं.



### मूल्यों से ही मजबूत होती है कलम : अच्युतानंद

**भोपाल,10 अप्रैल.** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में आयोजित स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति अच्युतानंद मिश्र ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसके मूल्यों पर गहन विचार साझा किए. कार्यक्रम का विषय 'माखनलाल जी का युग एवं उनकी पत्रकारिता' रहा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अच्युतानंद मिश्र के साथ अध्यक्ष के रूप में मनोज श्रीवास्तव (आईएएस) तथा सूत्रधार के रूप में विनय उपाध्याय भी शामिल हुए. सभी ने अपने विचारों के माध्यम से पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. अपने उद्बोधन में मिश्र ने माखनलाल चतुर्वेदी के व्यक्तित्व को एक योद्धा और संत के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि वे निडर पत्रकार थे, जो सत्य को निर्भीकता से सामने रखते थे. उन्होंने बताया कि 1920 से 1950 तक का कालखंड भारतीय पत्रकारिता का स्वर्णिम दौर था, जब संपादकों की प्रतिबद्धता अटूट हुआ करती थी.

### कल मनेगी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**भोपाल, 10 अप्रैल.** सामाजिक, शैक्षणिक क्रांति के जनक ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती 11 अप्रैल को देशभर में मनाई जाएगी. संयुक्त माली सैनी मरार समाज के अध्यक्ष जीपी माली पूर्व अपर कलेक्टर, उपाध्यक्ष रामनारायण चौहान, गजानंद भाटी, जगदीश सैनी, डॉ. प्रेमलता सैनी, राजेन्द्र कुमार सैनी, प्रेमनारायण सैनी, महासचिव हरि सिंह सैनी, दिनेश सैनी व अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जगह-जगह जयंती मनाने की अपील की है.

### कुर्मी समाज का ऑनलाइन सदस्यता अभियान कल से

**भोपाल, 10 अप्रैल.** राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा 12 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से एक विशेष ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया जा रहा है. इस सत्र का मुख्य उद्देश्य संगठन के सदस्यता अभियान को गति प्रदान करना और समाज के बौद्धिक व सामाजिक विकास की रूपरेखा तैयार करना है. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राघव पटेल, राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रामायण पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. यह आयोजन डिजिटल माध्यम से देश भर के स्वजातीय बंधुओं को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है, जिसमें सामाजिक एकजुटता और शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की जाएगी.

# सिद्धचक्र विधान : विश्व शांति के लिए महायज्ञ में दीं आहुतियां



**भोपाल, 10 अप्रैल.** श्री नेमिनाथ जिनालय झिरनो में शुक्रवार को सिद्धचक्र विधान में महाअर्घ्य और मुख मंडल पर सभी के मंगलमय जीवन की कामना के साथ श्रीफल अर्पित किए गए. अनुष्ठान की क्रियाएं मंत्रोच्चार के साथ हुईं. नेमिनाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में मुनि साध्यसागर महाराज, मुनि विश्व सूर्यसागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में हुए अनुष्ठान में इंद्र- इंद्राणियों ने विश्व शांति की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं. इस दौरान सिद्धचक्र का पाठ करते हुए श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य तथा प्रमुख मंडल की परिक्रमा कर आराधना की. मुनिश्री साध्यसागर महाराज ने धर्मसभा में कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना करो.

# साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी

▸ एम्स में साइबर स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 अप्रैल. डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों के बीच लोगों को सतर्क करने के लिए एम्स में शुक्रवार को साइबर स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रोजमर्रा की छोटी लापरवाहियों को साइबर ठगी का बड़ा कारण बताया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल साइबर सेल के पुलिस अधीक्षक प्रणय नागवंशी ने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करना या संदिग्ध फाइल डाउनलोड करना लोगों को आर्थिक नुकसान तक पहुंचा सकता है. उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लालच और डर का फायदा उठाकर लोगों को निशाना बनाते हैं. उनसे सतर्क रहने की जरूरत है. कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञों ने बताया कि कई बार लोग जिज्ञासा में अनजान लिंक खोल लेते हैं और इसी से ठगी की शुरुआत हो जाती है. ऐसे मामलों में व्यक्ति की निजी जानकारी और बैंकिंग डिटेल तक पहुंच बनाई जाती है. वहीं संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. माधवानंद कर ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब हर व्यक्ति की जरूरत बन गई है.




# युवा शक्ति की गूंजेगी आवाज

## 12-13 को माय भारत बजट क्वेस्ट का होगा ग्रैंड फिनाले

**भोपाल, 10 अप्रैल. मप्र में 12-13 अप्रैल को माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 का आयोजन किया जा रहा है. जिसकी जानकारी शुक्रवार को माय भारत द्वारा की प्रेसवार्ता में निदेशक तारा पारगी और उप निदेशक निकी राठौर ने दी.**

उन्होंने बताया दो दिवसीय राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता का फिनाले होने जा रहा है. जो कि माय भारत मप्र द्वारा रायसेन रोड स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, एलएनसीटी महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा. जिसमें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे.

# बाग उत्सव में दिखे परंपरा के रंग, शिल्प कला

▸ गौहर महल में 19 अप्रैल तक चलेगा उत्सव

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 अप्रैल. पुराने शहर में स्थित ऐतिहासिक गौहर महल में शुक्रवार को शुरू हुए बाग उत्सव में रंगों और शिल्प की जीवंत दुनिया की झलक दिखी. उत्सव में हाथों से छपे कपड़ों की खुशबू और रंगों की सादगी ध्यान ने यहां आने वाले दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया.**

बता दें बाग प्रिंट के जनक इस्माइल सुलेमान खत्री की स्मृति को समर्पित यह बाग उत्सव 19 अप्रैल तक चलने वाला है. जिसके पहले दिन साड़ी, सूट और बेडशीट्स पर उकेरे गए चित्रों ने पीढ़ियों से चली आ रही शिल्प परंपरा देखने को मिली.



**हाथों की मेहनत में बसती पहचान :** उत्सव में मौजूद कारीगरों ने बताया कि बाग प्रिंट सिर्फ कपड़ा नहीं बल्कि एक विरासत है. कार्यक्रम संयोजक उमर फारूक खत्री ने बताया कि हर डिजाइन लकड़ी के ब्लॉक्स से हाथों के द्वारा छापा जाता है. जिसमें एक कपड़े पर कई बार प्रिंटिंग कर जटिल पैटर्न तैयार किए जाते हैं. जिसमें अधिक समय के साथ धैर्य की जरूरत होती है. उन्होंने बताया कि प्रिंटिंग में इस्तेमाल होने वाले रंगों में लाल रंग के लिए अलिज़रीन और काले रंग के लिए लौह तत्वों से बने घोल का उपयोग किया जाता है. वहीं कपड़े को कई बार धोने और सुखाने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. इसी कारण इन रंगों की चमक लंबे समय तक बनी रहती है. खरीददारी करने आये लोगों ने बताया कि बाग उत्सव सिर्फ खरीदारी का मंच नहीं है बल्कि एक अनुभव है जहां लोग कला को करीब से समझ रहे हैं.

### फंदा के शाहपुर में भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**भोपाल, 10 अप्रैल.** भोपाल जिले की फंदा जनपद की ग्राम पंचायत शाहपुर के प्राचीन माता बैदरी मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शुक्रवार को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री और सरपंच पुष्पा मीना ने भूमिपूजन किया. इस भवन का निर्माण 25 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा. इस दौरान सरपंच ने विधायक को ग्रामीणों की ओर से ज्ञापन देते हुए चंदेरी तालाब का गहरीकरण कराने, ग्राम करदई जोड़ से ईटखेड़ी तक रोड बनाने, शाहपुर ग्राम की चमरी नदी पर ऊंचा पुल बनाने की मांग की है. विधायक खत्री ने जल्दी ही समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया.




# विद्यार्थी साइबर अपराध से बचें, नशा न करें

**भोपाल, 10 अप्रैल. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) भोपाल के वनमाली सभागार में 'साइबर सुरक्षा जागरुकता-स्टार्ट्स विद यू' एवं 'नशा मुक्त भारत' विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवा वर्ग को बढ़ते साइबर अपराधों, नशे की प्रवृत्ति, सड़क सुरक्षा नियमों तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक करना रहा.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिसरोद थाना एएसआई चेतन गुप्ता, एसआई राजकुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल अशोक तोमर एवं लेडी कांस्टेबल प्रियंका तोमर एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सीतेश कुमार सिन्हा, डॉ. विनोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे. एएसआई चेतन गुप्ता ने सड़क सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने , ट्रैफिक नियमों का पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया.

# सिंधी भाषा दिवस पर संस्कार विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल, 10 अप्रैल. दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में सिन्धी भाषा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिन्धी भाषा को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिन्धी साहित्यकार नन्द कुमार सनमुखानी, बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव द्वारा संत जी एवं भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. संस्था के सचिव चेलानी ने बताया कि सिंधी भाषा को आज के दिन संविधान में मान्यता मिली थी हमारी सिंधी भाषा का विस्तार तभी संभव है, जब उसकी संस्कृति जिन्दा रहेगी. मुख्य अतिथि सनमुखानी ने भगवान झूलेलाल जी के जयकारों के साथ बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सिन्ध प्रांत छोड़ने के बाद सिन्धी समाज ने भारत में कई वर्षो तक संघर्ष किया और अंततः 10 अप्रैल 1967 को सिन्धी भाषा को भारतीय संविधान में स्थान दिलाने में सफलता प्राप्त की, तभी से 10 अप्रैल को सिन्धी भाषा दिवस मनाया जाता है.



बताए योग के फायदे ▸ सलैया के बीडीए पार्क में मनाया भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस

# योग से मिलता है शारीरिक-मानसिक लाभ

**भोपाल, 10 अप्रैल. योग से व्यक्ति को शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलता है. योग विद्या की शुरुआत सृष्टि के आरंभ से ही हो गई थी. हिरण्यगर्भ महाराज ने महर्षि अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा को योग विद्या का ज्ञान दिया. इन ऋषियों ने महर्षि पतंजलि को यह विद्या प्रदान की और योग दर्शन प्रकाश में आया.**




भारतीय योग संस्थान के पश्चिम जिला भोपाल के तत्वावधान में सलैया स्थित बीडीए पार्क केंद्र में संपन्न 60 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी ने यह बात कही. वे मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने अष्टांग योग के आठ अंगों तथा योग सिद्धि प्रकाश डाला.

वरिष्ठ साधक आरबी खरे ने योग से होने वाले लाभ बताए. उन्होंने चंद्रभेदी और उज्जायी प्राणायाम पर मार्गदर्शन किया. आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा दीप प्रज्वलित किया.

महिला साधकों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. नैना शर्मा एवं सावित्री शर्मा द्वारा योग अभ्यास कराया गया. केंद्र प्रमुख भागवत गुप्ता ने संस्थान और योग मंजरी का परिचय दिया. उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 1967 को योग संस्थान की स्थापना हुई थी. अब तक चार हजार पांच सौ से अधिक इसकी शाखाएं हो चुकी हैं. एस पी गुप्ता ने श्रीराम माहेश्वरी को योग मंजरी पत्रिका भेंट की. अंत में विलास आफले ने आभार व्यक्त किया.

### मानव संग्रहालय में गाइड सुविधा, ई-टिकट शुरू

**भोपाल, 10 अप्रैल.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग और गाइड सेवा की शुरुआत की है. अब पर्यटक संग्रहालय की आधिकारिक वेबसाइट www.igrms.org.in के माध्यम से अपनी टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे, जिससे समय की बचत के साथ प्रवेश प्रक्रिया भी सरल होगी. ऑनलाइन टिकट के लिए 'Visitor Facility ' में जाकर 'E-Ticket ' विकल्प चुनना होगा.

इसके साथ ही संग्रहालय में गाइड सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे यहां की जनजातीय संस्कृति, लोक जीवन और प्रदर्शनों को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा. गाइड सेवा के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है, जिसमें 5 से कम लोगों के लिए 500 रुपये, 5 से 10 के लिए 1000 रुपये, 10 से 20 के लिए 1500 रुपये और 20 से अधिक के लिए 2000 रुपये तय किया गया है. संग्रहालय के निदेशक डॉ अमिताभ पांडे ने बताया कि यह पहल दर्शकों को बेहतर अनुभव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

